हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024
खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार




TANISHQ

## भव्य उद्घाटन

### ढिमरापुर रोड, रायगढ़ में

14 जून 2024

आप सभी को आमंत्रित किया जाता है ढिमरापुर रोड, रायगढ़ में
हमारे नये शोरूम के भव्य उद्घाटन के लिये।

आइये, सोने और हीरे के गहनों, सॉलिटेयर्स और रंगीन रत्नों की शानदार रेंज काआनंद लीजिये,
तनिष्क की कहानी के इस नये अध्याय में।



**मुफ्त सोने का सिक्का***
प्रत्येक ज्वेलरी की खरीद के साथ
14 से 16 जून 2024 तक

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.

शोरूम: चैतन्या नगर के सामने,ढिमरापुर रोड, रायगढ़. फोन: 8734957555, 8819970666

13- JUN-Jash-CORIYA-RAG-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/13/2024 7:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जैक स्नाइडर की दोनों रिबेल मून का अब रिलीज होगा डायरेक्टर्स कट वर्जन



एक्शन फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद खास होने जा रहा है। आज ही हॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक जैक स्नाइडर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खुशखबरी को फैंस के संग साझा किया है। उनकी फिल्म 'रिबेल मून-पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून-पार्ट टूः द स्कारगिवर' को अब दर्शक डायरेक्टर कट के साथ देख पाएंगे। नए टाइटल के साथ उनकी दोनों फिल्में इस साल अगस्त में दस्तक देने जा रही है। जैक स्नाइडर ने क्या कुछ कहा है अपनी इन फिल्मों के बारे चलिए जानते हैं-- 'रिबेल मून' के निर्देशक जैक स्नाइडर ने आज खुलासा किया है कि उनकी दोनों फिल्म अब डायरेक्टर कट के साथ एक बार फिर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है। इस खबर को सुनकर 'रिबेल मून' के दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने फैंस के संग फिल्म के नए टाइटल को भी साझा किया है। निर्देशक जैक स्नाइडर एक्शन फिल्मों के महारथी हैं। आज अपनी फिल्म 'रिबेल मून' के बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि 'रिबेल मून - पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून - पार्ट टूः द स्कारगिवर' को नए शीर्षक के साथ एक बार फिर से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने इसके साथ यह भी बताया कि दोनों फिल्मों के नाम क्रमशः 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' होगा। 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' को डायरेक्टर कट के साथ देखने के लिए दर्शक बेताब हो रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'कुली' की शूटिंग शेड्यूल में बदलाव, फ्लोर पर आएगी रजनीकांत और लोकेश की फिल्म



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने 'वेट्टैयन' की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी निर्माताओं ने फिल्म के सेट से तस्वीर साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब अभिनेता अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज के साथ मिलकर रजनीकांत जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं, जिसके बारे में ताजा जानकारी सामने आई है। ताजा अपडेट के अनुसार, 'कुली' की शूटिंग 1 जुलाई से शुरू होने वाली है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। लोकेश कनगराज फिलहाल कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म के अन्य किरदारों के लिए कई कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 'कुली' लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्म नहीं होगी।

हाल ही में एक साक्षात्कार में निर्देशक लोकेश कनगराज ने खुलासा किया कि फिल्म में मजबूत महिला किरदार होंगे। खबरें हैं कि श्रुति हासन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि वे फिल्म में अभिनेता की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। साथ ही कहा गया है कि अन्य बड़े कलाकारों को भी जल्द ही कास्ट किया जाएगा। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने बाकी है।

इससे पहले यह खबर आई थी कि फिल्म का पहला भाग पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं। टीम शेष हिस्से को तेजी से पूरा करने के लिए तैयार है।

कुली' के सह-लेखकों में से एक चंद्रू अंबाजगन ने आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर यह रोमांचक खबर साझा थी। कुली फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं।

### भोजपुरी

## फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्ट लुक हुआ आउट,जल्द लांच होगा ट्रेलर



लगातार बैक टू बैक भोजपुरी फिल्मों के निर्देशन करने वाले डायरेक्टर संजीव बोहारपी की एक और फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्टलुक आउट जारी हुआ। इसके बाद फिर एक बार यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। इसके फर्स्टलुक को जहां फिल्मी जगत के लोग पसंद कर रहे है वहीं भोजपुरी फिल्मों से सोशल मीडिया से जुडे लोग भी पसंद कर रहे है। फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी एवं डायरेक्टर संजीव बोहारपी ने बताया कि ट्रेलर भी जल्द ही लांच होगा और कोशिश है कि इस फिल्म का प्रदर्शन जल्द से जल्द किया जाए। इस फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी, प्रदीप सिंह एवं अंजनी तिवारी है। वहीं भोजपुरी इंडस्ट्री से संजना पांडे,आकाश,श्लेषा मिश्रा, ललित उपाध्याय,किरण यादव,विनोद मिश्रा,प्रिया पांडे, भानु पांडे, वंदना दुबे,श्रष्टि पाठक, गौरव पांडे, काजल मौर्या,महेंद्र प्रताप सिंह और सुरेश यादव जैसे कलाकार शामिल है। वहीं इस फिल्म में कथा,पटकथा,संवाद सत्येंद्र सिंह, कला-अंजनी तिवारी, छायांकन-विजय मंडल, नृत्य-कानू मुखर्ज़ी, सोनू प्रीतम, मारधाड़-श्रवण कुमार, संगीत- ओम झा, गीत-अरबिंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, संकलन-धरम सोनी, पोस्ट प्रोडक्शन -बॉलीवुड उमंग, ट्रेलर,डी .आई. कलरिस्ट- धरम सोनी, पाश्र्व संगीत मिक्सिंग -प्रियांशू राज, क्रिएटव टीम - मारुदा शर्मा (ईपी), नेहा उपाध्याय, विशाल यादव, कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी, सह-निर्देशक- पुष्पेंद्र सिंह मोनू, निर्माण व्यवस्थापक-भास्कर तिवारी, हृदय यादव,विक्रम विश्नोई, निर्माण प्रबंधक-राजेश सेन राकेश तिवारी,डी. के. गुप्ता, एम पी सिंह है। ज्ञातव्य हों कि यूपी और बिहार मे गवना का बडा महत्व होता है,शादी के कुछ माह या एक दो साल में जब दुल्हन की दुबारा बिदाई कराकर ससुराल पक्ष द्वारा ले जाया जाता है उसे गवना कहा जाता है। यूपी और बिहार में गवना का बहुत बडा महत्व है, इसी पर इस फिल्म की कहानी आधारित है।

## लाइफ स्टाइल

### फैशन की दुनिया



बैंगलोर फैशन वीक दुनिया भर के फैशन डिजाइनरों और प्रमुख खरीदारों को करीब लाने और सार्थक चर्चा में सक्षम बनाने में आगे आया है। यह एशिया का सबसे बड़ा फैशन शो है और आभूषण, फैशन और सहायक उपकरण के लिए सबसे अधिक मांग वाला व्यापार मेला है। 2009 से शुरू हुए इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में दो लाख तक की भीड़ जुटती है। इसकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है और फैशन की दुनिया में यह एक स्थापित शो बन रहा है। पिछले शो के दौरान कुछ मॉडल इस अंदाज में नजर आईं।

## बालों को घर पर ही प्रोटीन ट्रीटमेंट देने के तरीके जानें

यह बात तो हम सभी को पता कि बाल प्रोटीन से बने हुए होते हैं और यदि बालों में प्रोटीन की कमी हो जाए तो यह बेजान और रूखे होने लग जाते हैं। इतना ही नहीं बालों में प्रोटीन की कमी के कारण और बहुत सारी समस्याएं होने लग जाती हैं। बाजार में आपको बहुत सारे हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट मिल जाएंगे। साथ ही आपको बाजार में बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे, जो बालों में प्रोटीन पहुंचाने का दावा करते हैं। मगर ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'जब तक आपकी फूड हैबिट्स ठीक नहीं होंगी या फिर आप प्रोटीन युक्त आहार नहीं लेंगे, तब आपके बालों तक उचित प्रोटीन नहीं पहुंच पाएगा। इसके साथ ही आपको बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना ही है तो आप घरेलू चीजों से दे सकती हैं। हम अपने सैलून में आने वाले क्लाइंट्स को भी यही सलाह देते हैं और अब तो आपको यह नेचुरल ट्रीटमेंट बड़े-बड़े ब्यूटी सैलून में भी आपको मिल जाएगा।'

पूनम कुछ नेचुरल हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट्स के बारे में बताती भी हैं-



### दूध का हेयर मास्की

1 कप दूध में 1 बड़ा चम्मबच एलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच गुलाबजल मिक्सह कर लें। इसके बाद आप इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट के लिए मिश्रण को बालों पर लगा रहने दें और फिर आप बालों को वॉश कर लें। हफ्ते में एक बार आपको इस विधि से बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना होगा।

### अंडे का हेयर मास्क

आपके बाल अगर ड्राई हैं तो बालों में अंडे का पीला भाग लगाएं और यदि आपके बाल ऑयली हैं तो आपको अंडे का सफेद भाग बालों में लगाना चाहिए। अंडे में आप दही मिक्स कर सकती हैं। यह भी एक बहुत अच्छा नेचुरल प्रोटीन ट्रीटमेंट साबित हो सकता है। दही का हेयर मास्को दही में नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं और 40 मिनट तक बालों में इस मास्क को लगा रहने दें।

### नारियल के दूध का हेयर मास्क

नारियल का दूध भी प्रोटीन का बहुत अच्छा सोर्स होता है। आप इसे भी बालों में लगा सकती हैं। नारियल का दूध आप यदि महीने में एक बार भी बालों में लगाती हैं और 40 मिनट बाद बालों को वॉश कर लेती हैं, तो बाल बहुत सॉफ्ट एवं स्मूथ हो जाते हैं।

### बादाम का तेल

बादाम भी प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। आपको बाजार में बादाम का तेल आसानी से मिल जाएगा। बालों में बादाम के तेल की 10 मिनट मालिश करें और फिर बालों को हॉट टॉवल ट्रीटमेंट दें। इससे तेल बालों में अच्छी तरह से पेनिट्रेट हो जाएगा।

### देसी घी से करें मालिश

बालों के लिए देसी घी भी किसी वरदान से कम नहीं है। आप घी को थोड़ा सा गरम करें और फिर इससे बालों की मसाज करें। यदि आप हफ्ते में दो बार ऐसा करती हैं, तो आपके बालों को बहुत फायदा पहुंचेगा। आपके बाल मजबूत होने के साथ ही बहुत ज्यादा चमकदार भी हो जाएंगे।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लोग करेंगे तारीफ

फैशन





पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

**सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन :** कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

**वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन :** अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन :** कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट। इस तरीके के जंपसूट कॉकटेल पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होते हैं। इन्हें आप हैवी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इसके साथ आप बेल्ट, ज्वेलरी और ट्रेंडी हेयर स्टाइल के साथ लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इस बार कॉकटेल पार्टी में इन आउटफिट डिजाइन को ट्राई करें और लुक को परफेक्ट बनाएं। इस तरीके के जंपसूट आपको मार्केट में काफी सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

## एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसी तरह लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है।

**क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है ?**

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

**क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं ?**

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।



### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

**रैशेज की समस्या को कम कैसे करें :** गर्मी के मौसम में सनबर्न और एलर्जी के कारण रैशेज होने लगते हैं। रैशेज की वजह से खुजली की समस्या होने लगती है। रैशेज होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। बस रैशेज पर लौंग का पानी लगाएं। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करता है।

लौंग का फेस पैक कैसे बनाते हैं?


3 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 1 चम्मच लौंग का पानी 1 चम्मच गुलाब जल मिलाकर फेस पैक बना सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी

अगर आपको पर्ल ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद है तो यहां बताए गए डिजाइन को आप आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं।

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

**पर्ल ज्वेलरी सेट :** अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल



जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

**पर्ल इयररिंग्स :** मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

## अपने फैशन सेंस को निखारने स्टाइलिश सेलेब्स को फॉलो करें

# समर लुक में चाहिए कुछ हट कर तो स्टाइलिश सेलेब्स को जरूर देखें

*हालांकि फैशन के मामले में भी सभी स्टार टॉप पर नहीं होते हैं। कुछ ही सेलिब्रिटी की स्टाइल कमाल की होती है। उनके लुक को देखने वाले कहते हैं-'वाह क्या कमाल की ड्रेस पहनी है और क्या लुक है ब्रो।' हम ऐसे ही कुछ स्टाइलिस्ट एक्टर की बात करने वाले हैं जिनके फैशनेबल फोटो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जाते हैं। खासकर, गर्मी के सीजन में हम उनके समर लुक को देखेंगे। शायद उनका लुक हमें स्टाइलिश बनाने के काम आ जाए।*



### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत ऐसे एक्टर हैं जो कम समय में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। उनको काफी पसंद किया जाता है। सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म गली बॉय के साथ चर्चा में आए। अगर फैशन सेंस की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी उसमें टॉप पर हैं। अगर आप इनके फोटो को देखें तो ये आपके लिए गर्मी में बेस्ट है। जो लोग घर पर रह रहे हैं वे लोग सिद्धांत के फैशन को फॉलो कर सकते हैं। उनकी स्टाइल सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव है। सिद्धांत को इंस्टाग्राम पर 1.6 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### वरुण धवन

एक्टर वरुण धवन लंबे समय से अपने फैशन-स्टाइल को बरकरार रखे हुए हैं। अगर समर लुक की बात करें तो उनकी सिंपल ड्रेसिंग लाजवाब होती है। यही कारण है कि वरुण की फैन फॉलोइंग काफी है। इसलिए उनको अधिकतर लोग पसंद करते हैं। अगर हम फिल्मों की बात करें तो वरुण धवन उतने पसंद नहीं किए जाते हैं।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा



एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी खुद को फैशन के मामले में आगे रखते हैं। अगर आप समर लुक की बात करते हैं तो वह बगैर सनग्लास के पूरी नहीं हो सकती। इसलिए परफेक्ट समर लुक के लिए सनग्लास पहनना न भूलें। यह बात आप सिद्धार्थ मल्होत्रा से सीख सकते हैं। इसलिए अब आपको भी अपने लिए एक सनग्लास ले लेना चाहिए।

### एक्टर सनी सिंह

नए दौर के स्टाइलिश एक्टर्स की बात करें तो उसमें एक्टर सनी सिंह भी शामिल हैं। सनी सिंह की हेयरस्टाइल और उनके स्नीकर्स युवाओं को काफी पसंद आते हैं। इसके अलावा उनका ड्रेस सिलेक्शन भी कमाल का है। निर्देशक लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' के साथ सनी चर्चा में आए। इस मूवी में उनके किरदार को पसंद किया गया था। अब उनकी स्टाइल-फैशन को भी युवा पसंद करते हैं। गर्मी के मौसम के लिए बेहतर शर्ट की तलाश में हैं तो ऊपर वाली शर्ट के बारे में आपका क्या ख्याल है। एक बार इसको खरीदने के बारे में सोच सकते हैं।





**खबर संक्षेप**

## लालजीत ने की पत्रकार पर हमले की निंदा



**रायगढ़।** धरमजयगढ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने भी नगर के पत्रकार सत्यजीत घोष पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की है। घटना को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लालजीत ने इसे दुर्भाग्यजनक बताया। विधायक ने कहा कि ऐसी घटनाएं ना केवल प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर हालत बयां करती हैं बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली और आम जनता की सुरक्षा के प्रति बरती जा रही लापरवाही पर सवाल खड़े करती है।

## पटवारी संघ ने काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

**रायगढ़।** जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा पटवारी उमेश कुमार पटेल को निलंबित कर दिया गया। जिसके कारण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के आदेश के खिलाफ छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के द्वारा उमेश के पक्ष पर काली पट्टी लगाकर पूरे प्रदेश में कार्य किए गए। वही जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पटवारी के द्वारा सारंगढ़ में धरना प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर साहब के आदेश उमेश कुमार पटेल, पटवारी हल्का नंबर 28 सारंगढ़, रानिम. सारंगढ़ के द्वारा आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता स्व. रामलाल यादव के नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 975/1/4/1 रकबा 0.014 हे.के चतुर्सीमा नजरी नक्शा विक्रय प्रयोजन हेतु प्रदान करने के उपरान्त डिजिटल हस्ताक्षर हटाया जाना तथा बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुज्ञा के खसरा नंबर 975/1 को विलोपन किए जाने का प्रथमतया दोषी होने पर छग सिविल सेवा वर्गीकरणए नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन किया जाकर उमेश कुमार पटेल के विरूध्द विभागीय जांच संस्थित किया जाता है। निलंबन अवधि में सबंधित को नियमानुसार जीवननिर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## नमक घोल से धान की पुष्टि बीज का उपचार

**कटेली।** उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के दिशानिर्देश पर 17 प्रतिशत नमक घोल से धान की पुष्ट बीज का उपचार ग्राम कोरकोटी विकासखंड बिलाईगढ़ में कृषि विभाग के प्रमुख वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने नमक घोल के उपचार से कैसे धान बीज का पुष्ट बीज प्राप्त किया जाता है की तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। पुष्ट बीज के बोआई करने से फसल में रोग बीमार कम लगते है साथ में उत्पादन भी अत्यधिक होता है, जिससे किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होती है। एवं बीज की लागत में भी कमी आती है। जिसमे ग्राम के प्रगतिशील किसान के रूम में द्वारिका प्रसाद साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला सारंगढ़ .बिलाईगढ़ एव अन्य कृषक हेमंत पटेल, श्रीराम पटेल, नंदकुमार पटेल, मोहरसाय पटेल, श्रीराम टंडन, शिव कुमार पटेल, अनंदराम पटेल, मनोज पटेल, राधेश्याम पटेल, उमाशंकर पटेल, सत्यनारायण पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, मंशाराम पटेल ने कैसे सत्य बीज की प्राप्ति की जाती है उसका जानकारी लिया गया।

## फांशी के फंदे पर लटकते मिली युवक की लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेगांव में एक युवक की लाश फंदे से लटकी मिली है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है, पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। जहां मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया जाएगा। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रेगांव निवासी अनिल भगत पिता मासिक राम भगत उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है मृतक बीती रात में खाना खाकर घर पर सोया था।

### धरमजयगढ़ वन मंडल के आसपास कर रहा विचरण

# 38 हाथियों का दल पहुंचा छाल वनपरिक्षेत्र, वन अमला सतर्क

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र में करीब 38 हाथियों का एक दल विचरण रहा है। बीते कुछ दिनों से यह दल इसी क्षेत्र में डेरा डाले हुए है, ऐसे में वन अमला इन हाथियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और आस पास के ग्राम पंचायतों में भी इसकी सूचना दी गई है तथा उन्हें सतर्क किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




बताया जा रहा है कि यह दल छाल वन परिक्षेत्र के लोटान इलाके मे विचरण कर रहा है। इस दल में शावक भी है, वहीं काफी संख्या में नर व मादा हाथी भी मौजूद हैं।

यह भी बताया जा रहा है कि यह दल तमनार वन परिक्षेत्र की ओर से आया है। लोटान क्षेत्र में मौजूद इस दल के छाल, बोजिया या औरानारा इलाके की ओर जानें की संभावना जताई गई है। 38 हाथियों के बड़े समूह के आने के बाद वन मंडल क्षेत्र में मौजूद हाथियों की कुल संख्या 115 हो गई है। जिसमें पोटिया इलाक़े में 28, पुसाऊडेरा में 11 और लैलूंगा रेंज अंतर्गत आने वाले फुटहामुड़ा इलाके में 24 हाथियों का झुंड घूम रहा है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वन विभाग द्वारा सभी विभागीय उपाय अपनाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार आस पास के ग्रामों में मुनादी कराते हुए सूचना दी गई है, वहीं रात के वक्त विशेष तौर पर सतर्क रहने की समझाइश दी जा रही है।

# इस बार नोटा में पड़े 15 हजार 22 मत, रायगढ़ जिला चौथे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव 2024 में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में नोटा में कुल 15 हजार 22 वोट पड़े, इसके साथ ही नोटा में वोटिंग के मामले में रायगढ लोकसभा क्षेत्र अन्य 10 लोकसभा क्षेत्रों से चौथे स्थान पर रहा। अहम बात यह है कि पिछले बार के लोकसभा चुनाव से इस बार मात्र 707 कम वोट नोटा मे पड़े। वहीं पिछली बार भी रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र को चौथीं रैंकिंग मिली थी।



■ पिछले चुनाव से मात्र 707 वोट कम पड़े, दोनो चुनावों में मिला समान रैंक

आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2019 व 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बस्तर व कांकेर जैसे आदिवासी बाहुल व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मे नोटा मे सबसे ज्यादा वोट पड़े। हालांकि दोनों चुनाव में नोटा में पड़े वोटों का अंतर ज्यादा नहीं दिखा। वर्ष 2019 में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में नोटा में जहां 15 हजार 729 वोट पड़े तो वहीं 2024 के चुनाव में 15 हजार 22 वोट पड़े। ऐसे में दोनों के बीच अंतर 707 वोटों का ही रहा। हालांकि राज्य में इसका खासा अंतर देखने को मिल रह है। वर्ष 2024 में राज्य के कुल 11 लोकसभा क्षेत्रों में जहां नोटा में 1 लाख 36 हजार 111 वोट पड़े तो वहीं वर्ष 2019 में हुए चुनाव में 1 लाख 96 हजार 265 वोट नोटा मे डाले गए। ऐसे में इनके बीच अंतर देखें तो 60 हजार 154 रहा।

### 2019 में 11 पिछड़े थे प्रत्याशी

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र नोटा में पड़े वोटों की वजह से करीब 11 प्रत्याशी पिछड़ गए। हालांकि इस बार रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र चौथे रैंक पर रहा और हार जीत का मार्जिन भी सर्वाधिक 2 लाख 40 हजार 291 रहा। इस बार सबसे अधिक बस्तर में 36 हजार 758 और सबसे कम बिलासपुर में सिर्फ 2 हजार 849 वोट नोट में पड़े।

### पिछले चुनाव से कम रहे नोटा के आंकड़े

अहम बात यह है कि पिछले चुनाव से इस बार नोटा में कम वोट पड़े, लेकिन जानकारों की मानें तो जिन लोकसभा क्षेत्रों में हार जीत का मार्जिन कम रहा, वहां नोटा ने भी एक अहम भूमिका निभाई। हालांकि जानकार यह भी मान रहे हैं कि इस बार जहां हार जीत का मार्जिन ज्यादा रहा, वहां नोटा की भूमिका काफी कम रही।

## अवैध महुआ शराब सहित युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थानाक्षेत्र के वार्डों और गांवों में मुखबीर सक्रिय कर सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि अमलीभौना इंदिरा आवास रोड़ पर एक युवक प्लास्टिक थैला में महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है पुलिस ने रेड कार्यवाही कर अमलीभौना इंदिरा आवास रोड़ सैलून दुकान के पास आरोपी अर्जुन सारथी पिता कैलाश सारथी उम्र 24 साल निवासी अमलीभौना को पकड़ा गया जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक पन्नी में भरा 20 लीटर महुआ शराब कीमती 3000 की जप्ती की गई है। आरोपी पर थाना जूटमिल में धारा 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिदार, आरक्षक धनेश्वर प्रसाद उरांव और शशिभूषण साहू शामिल थे।

## तेज हवा के साथ बारिश, घरों की उड़ी एस्बेस्टस

**पत्थलगांव।** विकासखंड के आधा दर्जन गांव में गुरुवार की दोपहर करीब 3:30 बजे तेज आंधी तूफान व बारिश ने कई गरीबों के आशियाने उजाड़ दिए. पत्थलगांव नगर पंचायत के प्रेमनगर, ग्राम पंचायत पतरापाली, दिवानपुर, पाकरगांव, मुड़ापारा, पालीडीह में आंधी तूफान से घर का एस्वेस्टर उजड़ गया है. इससे घर के लोग बाल-बाल बच गए. इस दौरान उन्होंने घर में उजड़े एडवेस्टर को लेकर लाखों रुपये के नुकसान होने की बात कही है. मालूम हो कि नगर पंचायत पत्थलगांव के वार्ड प्रेमनगर में नेहरू विश्वकर्मा, छोटु विश्वकर्मा, ज्ञानी विश्वकर्मा, दयालु विश्वकर्मा, पतरापाली में पिंगल दास महंत, गोविंद दास महंत, दिवानपुर में उमेश यादव का सीमेंट के अल्बेस्टर सीट से बना घर, आए तेज आंधी तूफान मे उजड़ गया।



## भीषण गर्मी के बीच राहत की चली हवाएं, बदला मौसम

**रायगढ।** गुरूवार की सुबह से ही सूरज की तपिश ने लोगों को काफी परेशान किया, किंतु शाम को एकाएक मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगी। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि मानसून प्रदेश में प्रवेश कर चुका हैं और बस्तर संभाग को अपनी पहली बारिश से भीगो चुका है। मौसम विभाग के जानकारों की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में मानसून मध्य छत्तीसगढ़ में भी एक्टिव होगा। हालांकि गुरूवार को इसकी एक झलक भी नजर आई। आसमान मे काले बादलों के आने के साथ ही तेज हवाएं चलनी लगी। जिससे तापमान भी करीब 2 से 3 डिग्री तक गिर गया। बता दें कि बीते कुछ दिनों से सूरज की तेज तपिश लोगों को झूलसा रही है। वहीं अब मानसून के प्रदेश में प्रवेश करने के साथ ही यहां भी बड़ी बेसब्री के साथ मानसून की पहली बारिश का इंजजार किया जा रहा है।

## एसईसीआर मजदूर कांग्रेस ने की महाप्रबंधक से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष तपन चटर्जी के नेतृत्व में तीनों मंडल के मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार, बिलासपुर डी विजय कुमार रायपुर, इंदल दमाहे नागपुर मंडल, केंद्रीय पदाधिकारी और शाखा सचिव सचिन शामिल थे।



महाप्रबंधक बिलासपुर सुश्री नीनू इट्टेयरा से परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारीयो द्वारा महाप्रबंधक का शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में सभी मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी का परिचय संपन्न हुआ, बैठक में एस ई सी आर के ज्वलंत मुद्दों पर पदाधिकारियो ने अपनी बात रखी, जिसमे स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली कर्मचारियों के सुविधा के संदर्भ में, रनिंग कर्मचारियों के समस्याओं के संदर्भ में, एलएचबी कोच में मार्ग रक्षण के दौरान होने वाली समस्याओं के संदर्भ में, मजदूर कांग्रेस में महिला शाखा खोलने के संदर्भ में, विद्युत परिचालन विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों का जबरन स्थानांतरण के संदर्भ में और भी अन्य मुद्दों पर बात की गई ।

# फर्जी तरीके से लोन लेने वाले प्रबंधकों पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ जिले के ग्राम रक्शा में बगैर केसीसी ऋण लिए ही किसान बैंक के ऋणी हो गए। इस बार ऋण लेने के लिए जब किसान पहुंचे तो पता चला कि वे पहले से ही बैंक के कर्जदार हैं, जबकि उन्होंने अब तक कोई ऋण बैंक से लिया ही नहीं है। ऐसे में किसानों ने लेकर से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत की है।

■ बैंक ने भेजा नोटिस, तब हुई जानकारी, 15 किसानों ने की शिकायत

बताया जा रहा है कि अब तक ऐसे ही मामले में करीब 15 किसानों ने शिकायत की है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कठोर कदम नहीं उठाए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह मामला कोसीर समिति का है। जहां फिर एक बार फर्जी लोन का भांडा फूटा है। करीब 15 किसान अब तक शिकायत कर चुके हैं। धान खरीदी और बोगस लोन का कारनामा अब भी



बेखौफ चल रहा है, जिस पर प्रशासन लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। गाताडीह समिति से अलग होकर बने सेवा सहकारी समिति कोसीर में ताजा मामला आया है। फर्जी रकबा के आधार पर धान खरीदी के अलावा इस समिति में किसानों के नाम पर फर्जी लोन भी निकाल लिया गया है। कलेक्टर से शिकायत करने वाले ग्राम रक्शा निवासी किसान महासिंह भारद्वाज, चतुरसिंह भारद्वाज, नथेलाल भारद्वाज व चैतराम साहू तथा ग्राम सिलयारी निवासी कन्हैया साहू ने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया है, लेकिन उनके नाम पर समिति में कर्ज दिखा रहा है।

इस बार जब इन किसानों ने खरीफ सीजन में ऋण लेने का निर्णय लिया और उसके बाद जब वे ऋण लेने की प्रक्रिया जानने के लिए अपेक्स बैंक सारंगढ़ पहुंचे तो पता चला के उनके नाम से पहले ही ऋण बकाया है। उनको बैंक ने ऋण चुकाने के लिए नोटिस थमा दिया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टर से शिकायत की है।

### अब तक नहीं हो सकी वसूली

अब तक अपेक्स बैंक में 15 किसानों ने कोसीर के फर्जी लोन कांड की शिकायत की है। उन्होंने कोई कर्ज लिया नहीं, लेकिन उनके नाम पर खाद और नकद कर्ज चढ़ा दिया गया है। कुछ किसानों का बकाया कर्ज 2020 का है। तब से ब्याज भी लग रहा है। बरदुला में करीब 40 किसानों के नाम पर लोन लेकर गबन करने वाले से कोई वसूली नहीं हो सकी है।

### कार्रवाई करेंगे

कोसीर समिति के करीब 15 किसानों ने उनके नाम से फर्जी लोन की शिकायत की है। इस पर जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**-संजय साहू**
शाखा प्रबंधक,
अपेक्स बैंक सारंगढ़

## कोल वासरी से डीजल चोरी लोडर आपरेटर गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** महावीर कोल वाशरी से डीजल चोरी करने वाले आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लोडर ऑपरेटर अपने एक साथी के साथ मिलकर डीजल की चोरी कर रहा था। आरोपी के कब्जे से चोरी का 30 लीटर डीजल बरामद किया गया है।




इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जून की सुबह लोडर आपरेटर बद्रिकेशवर साहू अपने एक साथी के साथ मिलकर डीजल की चोरी कर रहा था। उसी समय सुरक्षाकर्मी ने डीजल से भरा हुआ डिब्बा के साथ रंगे हाथ पकडा। महावीर कोल वासरी के प्रबंधक राजकुमार मिश्रा ने बलौदा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बद्रिकेश्वर साहू निवासी खुरसुला जिला बिलाईगढ सारंगढ को पकड़ कर पुछताछ की तो उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर महावीर कोलवासी के लोडर वाहन से डीजल को जरिकेन में भरकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने 30 लीटर डीजल को बरामद कर आरोपी को धारा 379,34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। प्रकरण के एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# ग्रामीणों ने हेल्थ कैंप का उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत शिविर आयोजन का सिलसिला लगातार जारी हैं। जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित कर इन समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सन्ना, बगीचा और बलादरपाठ के पहाड़ी कोरवा बस्ती में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। साथ ही आधार कार्ड बनवाने के लिए उत्साह के साथ हिस्सा लिया। एसडीएम बगीचा ओंकार यादव, बीएमओ बगीचा सुनील लकडा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा एके सिंह, तहसीदार सन्ना, हल्का पटवारी सन्ना, खाद्य निरीक्षक बगीचा, मंडल संयोजक बगीचा, कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों की संयुक्त टीम के साथ ग्राम पंचायत सन्ना के पहाडी कोरवा बस्ती बलादरपाठ का भ्रमण किया गया। टीम के साथ पैदल यात्रा कर पहाड से नीचे निर्माणाधीन डबरी का निरीक्षण किया तथा सचिव को निर्देशित किया कि डबरी के मेडों पर पौधे लगाए। जिससे मिट्टी का कटाव रुके। साथ ही उपस्थित पहाडी कोरवाओं से भेंट मुलाकात किया एवं वापस आकर प्राथमिक शाला बलादरपाठ में पहाडी कोरवा कृषको के साथ संयुक्त रुप से बैठक किया। एसडीएम श्री यादव ने उपस्थित पहाडी कोरवाओं से जानकारी लिया एवं उनकी समस्या से अवगत हुए। कोरवाओं द्वारा मांग किया गया कि बलादरपाठ में पीडीएस की दुकान अलग से खोली जाए। जिससे खाद्यान प्राप्त करने में सुविधा हो। एसडीएम ने दुकान खोलवाने का आश्वासन दिया है।





भारत की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम निर्माण कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड में उत्कृष्ट कैरियर का अवसर

| Degree / Diploma | Branch | Experience ( Minimum 2 - 6 Years) | Location |
|---|---|---|---|
| Graduate Engineers (BE / B. Tech ) | Mechanical/Electrical and Instrumentation / Electrical | 4 - 6 Years | District Singrauli (MP) / Sonbhadra (UP) |
| Diploma in Engineers | Mechanical/Electrical and Instrumentation / Chemical / Electrical / Civil | 2 – 5 Years | District Singrauli (MP) / Sonbhadra (UP) |

आवेदक की आयु सीमा 35 वर्ष तक

वॉक इन इंटरव्यू

18 और 19 जून'24 - सुबह 9.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक

होटल श्रेष्ठ, जिंदल रोड, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

(पंजीकरण 17 जून दोपहर 2.00 बजे तक खुला है)

वॉक इन इंटरव्यू

वॉक-इन से पहले इस क्यूआर कोड को भरें

अपना अपडेटेड रिज्यूमे यहां भेजें: recruitment.mahan@adityabirla.com

नोट: – कृपया नवीनतम रिज्यूमे, 4 नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र, और अनुभव प्रमाण पत्र जिसमें पिछले 3 महीने की वेतन पर्ची और वर्तमान वार्षिक सीटीसी शामिल हैं।

